Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 27 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

## हर घर तिरंगा अभियानके हिस्सा बन रहे अंग्रेजी विभाग के छात्र

### तिरंगे को अपने लोकेशन पर पिन कर प्राप्त कर रहे हैं प्रमाणपत्र

आजादी का अमृत महोत्सव को चिह्नित करने के लिए संस्कृति मंत्रालय ने श्हर घर तिरंगाश पहल शुरू किया है जिसमे दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर गर्व से तिरंगा फहराने का आग्रह किया है। इसके साथ ही सभी को डिजिटल रूप में भी झंडा फहराने के लिए संबंधित लिंक https://harghartiranga.com/ पर जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है ।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय शुक्ला कहते है कि इस पहल के पीछे लोगों के दि़लों में देशभक्ति की भावना जगाना और तिरंगे से जुड़ाव को गहरा करना है। उन्होंने बताया कि अबतक अंग्रेजी विभाग के 100 से अधिक छात्र छात्राएं, शिक्षको व कर्मचारियों ने हर घर तिरंगा के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डिजिटल रूप में अपने लोकेशन पर झंडा पिन करके संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया है। प्रोफेसर शुक्ला बताते हैं कि यह हर कोई कर सकता है उन्होंने डिजिटल झंडा पिन करने के तरीके को भी बताया।

उन्होंने यह भी बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर अभी तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा दिये लिंक पर 2491803 लोगों ने पंजीकरण कराया है, जिसकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो अजय शुक्ला ने स्वयं भी पिन करके हर घर तिरंगा का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसके साथ ही नितेश सिंह, सोनल यादव, संगम चतुर्वेदी, हर्षिता राय, मनशी मिश्रा, पीयूष , रजनीश ,सच्चिदानंद, राहुल, आकांक्षा, रुचि, जागृति, आर्या, रेशू मिश्रा इत्यादि ने पिन करके प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur